**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 19**
**सोमवार, 03 फरवरी, 2025 / 14 माघ, 1946 (शक)**

**प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत व्यय**

**19. श्री दुरई वाइको:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

पिछले पांच वर्षों के दौरान, तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली और पुदुकोट्टई जिलों में श्रम और रोजगार मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों और किए गए व्यय का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की योजनाएं केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएं हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान तिरुचिरापल्ली और पुदुक्कोट्टई जिलों सहित तमिलनाडु में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों और व्यय का वर्षवार ब्यौरा संलग्न है (अनुबंध-I)

*

*****

**(अनुबंध-I)**

**"प्रमुख योजना के अंतर्गत व्यय" के संबंध में दिनांक 03.02.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 19 के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

1. **राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस):** पिछले पांच वर्षों के दौरान तिरुचिरापल्ली और पुदुक्कोट्टई जिलों सहित तमिलनाडु राज्य के लिए मॉडल करियर केंद्रों (एमसीसी) के लिए जारी धनराशि का ब्यौरा निम्नानुसार है:

**(लाख रुपए में)**

| 2019-20 | 2020-21* | 2021-22* | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|
| 206.61 | 0.00 | 0.00 | 138.72 | 151.36 |

*कोविड-19 महामारी के कारण धनराशि जारी नहीं की जा सकी।

**2. अ.जा./अ.ज.जा. के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा केंद्र (एनसीएससी):** इस योजना का उद्देश्य व्यावसायिक मार्गदर्शन, करियर परामर्श, कंप्यूटर प्रशिक्षण, भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण आदि के माध्यम से अ.जा./अ.ज.जा. नौकरी चाहने वालों की रोजगार क्षमता बढ़ाना है। इस सहायता को प्राप्त करने वाले अ.जा./अ.ज.जा. नौकरी चाहने वालों की संख्या और तिरुचिरापल्ली और पुदुक्कोट्टई जिलों सहित तमिलनाडु को जारी की गई धनराशि निम्नानुसार है:

| वर्ष | संख्या | राशि (रु. में) |
|---|---|---|
| 2019-20 | 7,115 | 45,98,000 |
| 2020-21 | 2,306 | 97,22,000 |
| 2021-22 | 6,262 | 1,10,11,000 |
| 2022-23 | 10,939 | 1,43,04,000 |
| 2023-24 | 12,463 | 1,55,93,000 |

**3. आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई):** इस पहल का उद्देश्य ईपीएफओ के साथ पंजीकृत प्रतिष्ठानों के नियोक्ताओं को बेरोजगार व्यक्तियों की भर्ती करने में सहायता प्रदान करके कोविड-19 रिकवरी चरण के दौरान नए रोजगार के अवसरों के सृजन को प्रोत्साहित करना है, जिसमें महामारी के दौरान बेरोजगार हुए लोगों को फिर से रोजगार देना भी शामिल है। पुदुक्कोट्टई और तिरुचिरापल्ली जिलों सहित तमिलनाडु में लाभार्थियों की संख्या इस प्रकार है:

**लाभार्थियों की संख्या (कर्मचारी)**

| वर्ष | तमिलनाडु | पुदुक्कोट्टई | तिरुचिरापल्ली |
|---|---|---|---|
| 2020-2021 | 1,68,344 | 319 | 2476 |
| 2021-2022 | 557620 | 1,713 | 9,639 |
| 2022-2023 | 76847 | 137 | 2,089 |
| 2023-2024 | 1927 | 2 | 28 |
| **कुल** | **8,04,739** | **2,171** | **14,232** |

**स्रोत: ईपीएफओ**

**लाभार्थियों की संख्या (प्रतिष्ठान)**

| वर्ष | तमिलनाडु | पुदुक्कोट्टई | तिरुचिरापल्ली |
|---|---|---|---|
| 2020-2021 | 5,936 | 34 | 193 |
| 2021-2022 | 8,928 | 32 | 266 |
| 2022-2023 | 1,534 | 7 | 97 |
| 2023-2024 | 52 | 0 | 4 |
| **कुल** | **16,450** | **73** | **560** |

**स्रोत: ईपीएफओ**

पिछले पांच वर्षों के दौरान तिरुचिरापल्ली और पुदुक्कोट्टई जिलों सहित तमिलनाडु राज्य को जारी की गई धनराशि का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(रुपए में)

| वर्ष | तमिलनाडु | पुदुक्कोट्टई | तिरुचिरापल्ली |
|---|---|---|---|
| 2020-2021 | 38,51,25,983 | 7,58,214 | 67,65,509 |
| 2021-2022 | 4,61,69,22,477 | 1,45,84,289 | 10,33,18,947 |
| 2022-2023 | 5,32,48,84,853 | 1,82,28,050 | 13,78,32,590 |
| 2023-2024 | 1,30,81,37,245 | 48,94,794 | 4,11,03,505 |
| **कुल** | **11,63,50,70,558** | **3,84,65,347** | **28,90,20,551** |

**स्रोत: ईपीएफओ**

**4. प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई):** लाभार्थियों की संख्या और तिरुचिरापल्ली और पुदुक्कोट्टई जिलों सहित तमिलनाडु को जारी धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **2019-20** | | | **2020-21** | | | **2021-22** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **राज्य** | **लाभार्थियों की संख्या (प्रतिष्ठान)** | **लाभार्थी कर्मचारियों की संख्या** | **राशि (रु. में)** | **लाभार्थियों की संख्या (प्रतिष्ठान)** | **लाभार्थी कर्मचारियों की संख्या** | **लाभ (रु. में)** | **लाभार्थियों की संख्या (प्रतिष्ठान)** | **लाभार्थी कर्मचारियों की संख्या** | **लाभ (रु. में)** |
| तमिलनाडु | 942 | 44374 | 4032615671 | 0 | 0 | 1,44,51,57,505 | 0 | 0 | 35,20,50,517 |

**स्रोत: ईपीएफओ**

नोट: प्रतिष्ठान के माध्यम से लाभार्थी के पंजीकरण की अंतिम तिथि 31.03.2019 थी। पंजीकृत कर्मचारियों के लिए लाभ, नियुक्ति की तिथि से 3 वर्ष तक यानी 31.03.2022 तक जारी रहा।

**5. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेवाई):** भारत सरकार ने 26.03.2020 को कोविड-19 महामारी के विरुद्ध लड़ाई में गरीबों की मदद के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेवाई) के तहत 1.70 लाख करोड़ रुपये के राहत पैकेज की घोषणा की। पिछले पांच वर्षों के दौरान पीएमजीकेवाई योजना के तहत पुदुक्कोट्टई और तिरुचिरापल्ली जिलों सहित तमिलनाडु में लाभार्थियों की संख्या और जारी की गई धनराशि का ब्यौरा इस प्रकार है:

| **पीएमजीकेवाई-मार्च, 2020 से अगस्त, 2020** | | | |
|---|---|---|---|
| **राज्य/जिला** | **तमिलनाडु** | **पुदुक्कोट्टई** | **तिरुचिरापल्ली** |
| **लाभार्थी प्रतिष्ठानों की संख्या** | 33,782 | 224 | 1,305 |
| **लाभार्थी कर्मचारियों की संख्या** | 5,79,657 | 3,899 | 21,024 |
| **राशि (रु. में)** | 3,57,10,50,319 | 2,31,67,822 | 14,80,31,640 |

**6. बंधुआ मजदूरों के पुनर्वास के लिए केंद्रीय क्षेत्र की योजना:** तमिलनाडु में 2019-20 से 2024-25 (27.01.2025 तक) के दौरान पुनर्वासित बंधुआ मजदूरों/लाभार्थियों की संख्या और उनके पुनर्वास के लिए निधि का ब्यौरा, जिसमें तिरुचिरापल्ली और पुदुक्कोट्टई जिले शामिल हैं, निम्नानुसार है:

| **क्रम सं.** | **वित्तीय वर्ष** | **बंधुआ मजदूरों की संख्या बचाए गए/पुनर्वासित** | **जारी की गई राशि (लाख रुपए में)** |
|---|---|---|---|
| 1. | 2020-21 | **शून्य** | |
| 2. | 2021-22 | 1016 | 204.73 |
| 3. | 2022-23 | 297 | 59.40 |
| 4. | 2023-24 | 176 | 56.80 |
| 5. | 2024-25 | 196 | 57.40 |
| **कुल** | | **1685** | **378.33** |

**7. प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना:** पिछले पांच वर्षों के दौरान तिरुचिरापल्ली और पुदुक्कोट्टई जिलों सहित तमिलनाडु में पीएमएसवाईएम योजना के तहत नामांकित लाभार्थियों की संख्या निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **तमिलनाडु** | **पुदुक्कोट्टई** | **तिरुचिरापल्ली** |
|---|---|---|---|
| 2020-21 | 2,131 | 72 | 25 |
| 2021-22 | 2,322 | 100 | 30 |
| 2022-23 | 6,426 | 79 | 1,707 |
| 2023-24 | 1,904 | 30 | 11 |
| 2024-25 | 1,161 | 26 | 16 |
| **कुल** | **13,944** | **307** | **1,789** |

**स्रोत: मानधन पोर्टल**

चूंकि लाभार्थियों को पेंशन 60 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद मिलनी शुरू होगी, इसलिए पेंशन का वितरण 2039 से शुरू होगा।

**8. राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना (एनसीएलपी):** पिछले पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली और पुदुक्कोट्टई जिलों के लाभार्थियों को एनसीएलपी योजना के अंतर्गत जारी अनुदान सहायता निम्नानुसार है:

| जिला / राज्य | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | कुल (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| पुदुक्कोट्टई | 3,19,200 | 2,23,023 | 10,41,194 | 0 | **15,83,417** |
| तिरुचिरापल्ली | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| तमिलनाडु | 4,82,00,401 | 3,23,45,269 | 1,84,74,940 | 6,66,400 | 9,96,87,010 |

**9. कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी):** पिछले पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली और पुदुक्कोट्टई जिलों में ईएसआई योजना के अंतर्गत बीमित व्यक्तियों और उपलब्ध कराए गए विभिन्न लाभों पर किए गए व्यय का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

**पुदुक्कोट्टई**

| क्र. सं. | वर्ष | बीमित व्यक्तियों की संख्या | राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 2020-21 | 16,365 | 1,01,21,508 |
| 2. | 2021-22 | 16,225 | 1,53,46,236 |
| 3. | 2022-23 | 15,946 | 2,15,16,133 |
| 4. | 2023-24 | 17,659 | 2,19,11,046 |
| 5. | 2024-25 (दिसंबर 2024 तक) | 19,999 | 1,30,36,393 |

**तिरुचिरापल्ली**

| क्र. सं. | वर्ष | बीमित व्यक्तियों की संख्या | राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 2020-21 | 83,915 | 3,51,50,149 |
| 2. | 2021-22 | 87,547 | 3,67,48,778 |
| 3. | 2022-23 | 87,469 | 4,63,90,311 |
| 4. | 2023-24 | 1,05,254 | 4,77,74,931 |
| 5. | 2024-25 (दिसंबर 2024 तक) | 1,05,208 | 4,49,00,685 |

*****